# भारत-फिलीपींस संबंध

## प्रलिम्सि के लिये:

[सामुद्रकि कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय](), [दक्षणि चीन सागर](), [एक्ट ईस्ट पॉलिसी](), [ब्रह्मोस](), [आसियान](), [आसियान-भारत सहयोग कोष](), [आसियान-भारत हरति कोष ]()

## मेन्स के लिये:

भारत-फिलीपींस संबंध

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के विदेश मंत्री और फिलीपींस के समकक्ष के बीच **द्वपिक्षीय सहयोग पर संयुक्त आयोग की 5वीं बैठक** आयोजति की गई थी।

- **भारत और फिलीपींस** [समुद्री सुरक्षा]() पर विशेष बल देने के साथ **रक्षा सहयोग को बढ़ाने** के लिये विभिन्नि विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।




//

## बैठक के प्रमुख बिंदु:

- **रक्षा सहयोग:** दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग पर एक साथ काम करने में गहरी रुचि व्यक्त की जिसमें **रक्षा एजेंसियों के बीच नियमित या उन्नत आधिकारिक स्तर की बातचीत, मनीला में एक निवासी रक्षा 'अताशे' कार्यालय खोलना** तथा **फिलीपींस की रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भारत द्वारा रियायती ऋण सुविधा पर विचार करना शामिल है।**
- **समुद्री सुरक्षा:** दोनों देशों का लक्ष्य समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA) क्षमताओं को बढ़ाने के लिये [समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA)](), **संयुक्त गश्त और सूचना के आदान-प्रदान** पर सहयोग करना है।
  - MDA की उपयोगिता पर ज़ोर देते हुए दोनों देशों के मंत्रियों ने भारतीय नौसेना और फिलीपींस तटरक्षक के बीच **व्हाइट शिपिंग समझौते के लिये मानक संचालन प्रक्रिया** के शीघ्र कार्यान्वयन का आह्वान किया।
- **साइबर सुरक्षा सहयोग**: आतंकवाद विरोधी उपायों और खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान सहित मौजूदा डोमेन में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों देशों ने [साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता]() **तथा अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया।**
- **क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे**: दोनों देशों के मंत्री आपसी हित के **क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा में शामिल हुए**, उदाहरणतः [दक्षिण चीन]() **सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और क्षेत्रीय दावे।**
  - बैठक में विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और अंतर्राष्ट्रीय कानून की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया, जिसमें [संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून अभिसमय (UNCLOS)]() तथा [दक्षिण चीन सागर पर 2016 का मध्यस्थता पुरस्कार]() शामिल है।

## भारत-फिलीपींस संबंध:

- **परिचय**: **भारत और फिलीपींस हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दो लोकतांत्रिक देश हैं** जो **स्वतंत्र, खुले और स्थिर क्षेत्र के महत्त्व** पर ज़ोर देते हुए [हिंद-प्रशांत]() **के प्रति समान दृष्टिकोण** साझा करते हैं।
- **राजनीतिक संबंध:** भारत और फिलीपींस ने औपचारिक रूप से **26 नवंबर, 1949** को दोनों देशों के स्वतंत्रता प्राप्त करने **(1946 में फिलीपींस और 1947 में भारत)** के तुरंत बाद राजनयिक संबंध स्थापित किये।

- **भारत ने वर्ष 1992 में [लुक ईस्ट पॉलिसी ](#) की शुरुआत करते हुए आसियान के साथ साझेदारी में वृद्धि की** जिसके फलस्वरूप फिलीपींस के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय संबंधों में भी तेज़ी आई।
  - [एक्ट ईस्ट पॉलिसी (2014)](#) के तहत भारत-फिलीपींस संबंधों में **राजनीतिक-सुरक्षा; व्यापार और उद्योग** आदि क्षेत्रों में विविधिता देखने को मिली है।
- **आर्थिक संबंध: वर्ष 2022 में** भारत **3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार के साथ फिलीपींस का पंद्रहवाँ सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है**।
  - **इसके अलावा फिलीपींस** भारत के साथ वस्तु व्यापार में शुद्ध आयातक रहा है।
- **रक्षा सहयोग:** भारत और फिलीपींस के बीच रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी बढ़ रही है। भारत तथा फिलीपींस के बीच रक्षा सहयोग में सबसे महत्त्वपूर्ण विकास कार्यों में से एक [ब्रह्मोस ](#)**मिसाइल सौदा** है, जिसे जल्द ही अंतिम रूप दिये जाने की उम्मीद है।
  - **ब्रह्मोस**, **भारत तथा रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल** है, जिसे धरातल, समुद्र या हवाई प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है।

## फिलीपींस के बारे में मुख्य तथ्य:

- **फिलीपींस**,**दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह** है, जिसकी **सीमा पूर्व में फिलीपीन सागर, पश्चिम में दक्षिण चीन सागर तथा दक्षिण में सेलेब्स सागर से लगती** है।
  - इसमें **7,641 द्वीप** हैं, जिनमें **लूज़ोन और मिंडानाओ सबसे बड़े** हैं।
  - इसकी राजधानी **मनीला** है, जो **लुज़ोन द्वीप** पर स्थित है।
- **मिंडानाओ द्वीप** पर **माउंट अपो (2,954 मीटर) सबसे ऊँची चोटी** है, साथ ही यह **एक सक्रिय ज्वालामुखी** है।
- फिलीपींस में वर्ष भर **उच्च तापमान एवं आर्द्रता के साथ उष्णकटिबंधीय जलवायु** पाई जाती है, जिसमें **नम और शुष्क मौसम** का अनुभव होता है।
- फिलीपींस को **विश्व के जैव विविधिता हॉटस्पॉट में से एक** माना जाता है।
- फिलीपींस भी **पैसिफिक रिंग ऑफ फायर** का भाग है, जो इसे भौगोलिक रूप से सक्रिय बनाता है। इसमें 20 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जिनमें **मेयोन** (हाल ही में **वर्ष 2023 में विस्फोट** हुआ), **ताल** और **माउंट पिनातुबो** (वर्ष 1991 में विस्फोट हुआ) शामिल हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ??????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये: (2018)**

1. ऑस्ट्रेलिया
2. कनाडा
3. चीन
4. भारत
5. जापान
6. अमेरिका

**उपर्युक्त में से कौन-कौन आसियान के 'मुक्त-व्यापार भागीदारों' में से हैं?**

(a) 1, 2, 4 और 5
(b) 3, 4, 5 और 6
(c) 1, 3, 4 और 5
(d) 2, 3, 4 और 6

**उत्तर: (c)**

---

**प्रश्न. रीजनल कॉम्प्रीहेनसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (‘Regional Comprehensive Economic Partnership’) पद प्रायः समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है? (2016)**

(a) G20
(b) ASEAN
(c) SCO
(d) SAARC

**उत्तर: (b)**

---

### ??????:

**प्रश्न. शीतयुद्धोत्तर अंतर्राष्ट्रीय परदृश्य के संदर्भ में भारत की पूर्वोन्मुखी नीतिके आर्थकि और सामरकि आयामों का मूल्यांकन कीजयि। (2016)**

## [स्रोत: द हिंदू]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-philippines-ties